# हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी का कुख्यात सरगना गिरफ्तार

## तस्कर पर आईजी, अजमेर रेंज ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था

■ ऑपरेशन को शाहपुरा, हमीरगढ़ थानों के साथ ही सायबर टीम ने अंजाम दिया



पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी बजरंग को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा पुलिस ने हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी के कुख्यात सरगना को गिरफ्तार किया है। इस पर आईजी, अजमेर रेंज ने 50 हजार रुपये का इनाम रखा था। इस ऑपरेशन को शाहपुरा, हमीरगढ़ थानों के साथ ही सायबर टीम ने अंजाम दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इनामी-वांछित आरोपित की धरपकड़ को लेकर अभियान चला रखा है। इसी के तहत 50 हजार रुपये के इनामी बजरंग पिता अम्बा लाला मीना निवासी टोपा थाना शाहपुरा की गिरफ्तारी के लिए एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के निकटतम सुपरविजन व डीएसपी शाहपुरा ओमप्रकाश विश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शाहपुरा थाने में आरोपी बजरंग व अन्य आरोपियों को हथियार देने का मामला दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में चार प्रकरण एक्साईज एक्ट, दो प्रकरण एनडीपीएस एक्ट, एक प्रकरण डकैती का, तीन प्रकरण जानलेवा हमला मारपीट का एक प्रकरण जालसाजी धोखाधड़ी का दर्ज है जो जैर ट्रायल है। आरोपी की गिरफ्तारी पर महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज अजमेर ने 50 हजार रूपये इनाम की घोषणा की थी। गठित पुलिस टीम ने आरोपी के बारे में सूचना देने के लिए दोस्तों, रिश्तेदारों के यहां मुखबीर लगाये। आरोपित इतना शातिर है कि पुलिस के पहुंचने से पहले वह फरार हो जाता था।

तकनिकी विश्लेषण से मिले सुराग के बाद पुलिस ने उसके ठिकाने का पता लगाया और उसे दबोच लिया। सजा पुलिस ने आरोपित बजरंग का आपराधिक रेकार्ड का खुलासा करते हुये बताया कि इसके खिलाफ 2009 में फूलियाकलां थाने में जानलेवा हमले का, जबकि 2012 में एक्ससाइज एक्ट के दो मामले दर्ज हुये थे। इन दोनों में 20 दिसंबर 2012 को उसे सजा हो चुकी है। इसके अलावा मारपीट, जानलेवा हमले जैसे कई गंभीर आरोपों में अलग अलग थाने में दर्जन भर मामले दर्ज है।

# किसान की डिग्गी में डूबने से मौत

■ मौके पर गोताखोरों को बुलाया गया

**अनूपगढ़, (निसं)।** गांव एक पीजीएम में खेत में बनी 30 फीट गहरी पानी की डिग्गी में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई।

पानी निकालते समय 65 वर्षीय सुखविंदर सिंह का पैर फिसल गया, जिससे यह हादसा हो गया। सुबह करीब नौ बजे उनके बेटे गुरप्रीत सिंह को डिग्गी के पास चप्पल और बाइक दिखी। शक होने पर जब वह डिग्गी के पास गया तो अंदर सुखविंदर सिंह का साफा तैरता दिखा। गुरप्रीत ने तुरंत आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर गोताखोरों को बुलाया गया। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद डिग्गी से पानी कम कर सुखविंदर को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम और पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया। प्रथमदृष्टया में लग रहा है कि सुखविंदर सिंह डिग्गी में से बाल्टी के जरिए पानी निकाल रहा होगा और उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और यह दर्दनाक हादसा हो गया। मृतक के बेटे गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वह और परिवार के अन्य सदस्य पोस्टमॉर्टम नहीं करवाना चाहते हैं और न ही कोई पुलिस कार्रवाई करवाना चाहते है।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, वृत बीकानेर

Email ID - sephedbkn@gmail.com, Contact No. 0151-2226454

क्रमांक-3186 दिनांकः 23-6-2025

**बोली सूचना संख्या 03/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इस कार्य का निविदा प्रपत्र वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 24.06.2025 को दोपहर 02.00 बजे से दिनांक 14.07.2025 को सांय 06.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 15.07.2025 को दोपहर 01.00 बजे उपस्थिति निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाईन http://eproc.rajasthan.gov.in पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र में शुल्क, धरोहर राशि ई-चालान के रूप में निविदा प्रपत्र में वर्णित पक्ष में देय हो, जमा करानी होगी। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट "www.sppprajasthan.gov.in" एवं http:/eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। कार्य की राशि 158.35 लाख है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी। डाक द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

UBN No. PHE 2526W50B04011

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(खेमचंद सिंगारिया)
अधीक्षण अभियंता
जन स्वा. अभि विभाग,
वृत बीकानेर

DIPR/C/8806/2025



Sanitation, Water and Community Health Project

कार्यालय निदेशक, स्वच्छ परियोजना, उदयपुर

पुलिस अन्वेषण भवन के आगे, बड़ी रोड, उदयपुर (राज.)

ई-मेल-directorswach@rajasthan.gov.in, swachhoudaipur@gmail.com

Ref.: 2540 **E-TENDER NOTICE :- 69/2025-26** Date: 26.06.2025

NIB-SWP2526A0197 UBN:-SWP2526G LRC00452

**FOR SUPPLY OF NUTRITIONAL FOOD ITEMS (FOR MAKING SATTU) FOR TB PATIENTS AT FOR MAKING SATTU KENDRA PS JAISAMAND DISTRICT SALUMBER (RAJASTHAN)**

Single Stage, Two-envelopes unconditional Bids are invited from Manufacturers/ Distributors/Bonafide dealer in the good for the SUPPLY OF NUTRITIONAL FOOD PRODUCTS (FOR MAKING SATTU) FOR TB PATIENTS AT FOR MAKING SATTU KENDRA PS JAISAMAND DISTRICT SALUMBER (RAJASTHAN) under Swach Project:

| S. No | Details of Commodities | Estimated Total cost (in Lacs.) | Bid Security (EMD) (in Rs.) | Bid Fee (in Rs) | Processing Fee (in Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SUPPLY OF NUTRITIONAL FOOD ITEMS (FOR MAKING SATTU) FOR TB PATIENTS AT FOR MAKING SATTU KENDRA PS JAISAMAND DISTRICT SALUMBER (RAJASTHAN) | 116.37 | 232740/- | 1000.00 | 2000.00 |

The Tender/Bid will only be submitted through online tendering system of www.eproc.rajasthan.gov.in. The interested bidders will have to be enrolled/registered with portal of www.eproc.rajasthan.gov.in for participating in the bidding process.

DIPR/C/9097/2025 DIRECTOR SWACH



जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः प.6()जविप्रा/सा.स्टोर/स्केनिंग कार्य/2025/डी-251 दिनांक : 03.07.2025

**निविदा सूचना**

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ''स्केनिंग कार्य'' हेतु जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 60,00,000/- (अक्षरे साठ लाख रूपये) के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 14.07.2025 को सायं 6:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 14.07.2025 को सायं 6:00 बजे तक है। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा में भाग लेने वालो को निम्न शर्तो की पूर्ति करनी होगी :-

1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदा दाताओं का राजस्थान सरकार के ई-प्रॉक्योरमेन्ट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/25/5551 उपायुक्त (सा.स्टोर)


# दस हजार का इनामी दलपतसिंह व दो साथी गिरफ्तार

## चार देशी पिस्टल मय 19 कारतूस व कार जब्त

**उदयपुर, (निसं)।** हिरणमगरी थाना पुलिस ने दस हजार रूपये के इनामी बदमाश दलपतसिंह व उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चार पिस्टल, 19 कारतूस व एक कार जब्त की। तीनों बदमाश हिस्ट्रीशिटर प्रवीण वसीटा व शंभू झिडोली की हत्या के प्रयास में थे।

प्रकरण के अनुसार 3 जुलाई को डीएसटीटीम के हेडकांस्टेबल भंवर विश्नोई को सूचना मिली कि हिरणमगरी पुलिस थाने का वांछित अभियुक्त दस हजार के इनामी दलपतसिंह अपने दो साथी राजेन्द्र सिंह देवड़ा उर्फ वीरू व किशनलाल खटीक के पास अवैध हथियार हैं जो बेचने की फिराक में है तथा एक कार में सबसिटी सर्कल की तरफ घूम रहे हैं।

इस पर डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी मय टीम ने मौके पर पहुंच दलपतसिंह पुत्र रणजीतसिंह डुलावत निवासी खेतपाल का गुडा खमनौर राजसमंद हाल ग्रेटर कैलाश नगर बड़ी बड़गांव के कब्जे से अवैध 2 देशी पिस्टल 11 जिंदा कारतूस, राजेन्द्र सिंह उर्फ वीरू पुत्र मोतीसिंह देवड़ा निवासी लियों का गुड़ा बड़ी के कब्जे से अवैध एक देशी पिस्टल मय 4 कारतूस तथा किशन खटीक पुत्र लोगर खटीक निवासी थूर बड़गांव के कब्जे से अवैध पिस्टल एवं चार जिंदा कारतूस जब्त किये। दलपत सिंह के कब्जे से कार जब्त कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

इस मामले में 23 मार्च को पीड़ित चतरसिंह ने हिरणमगरी पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि सवेरे मेरी पत्नी फाटक बजाने की आवाज सुने बाहर आकर देखा तो घर के बाहर रोड़ पर एक मोटरसाइकिल पर दो जने सवार थे एक ने मास्क लगा रखा था एवं एक खुले मुंह था। दोनों ने चतरसिंह के घर पर है या नहीं पूछा तो पत्नी ने घर पर होना बताया। दोनों के कहने पर पत्नी ने मुझे बाहर बुलाया। इस दौरान बदमाश ने मुझ पर पिस्टल से फायर किया तो मैने फाटक के सहारे निचे झुककर बचाव किया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर दलपतसिंह द्वारा भेजे गए अभियुक्त सुभाष लौहार पुत्र मदन लौहार निवासी डांगियों की पचोली हाल वैशाली नगर प्रतापनगर, रघुवीरसिंह देवड़ा उर्फ विशाल पुत्र शंभू सिंह निवासी मटुन को गिरफ्तार किया गया था जबकि दलपतसिंह फरार था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा था।

# मंदिर में चोरी

**अजमेर, (कासं)।** शहर के अजय नगर स्थित कांच वाले भोलेश्वर मंदिर में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई है।

मंदिर के पुजारी चक्रेशचंद जोशी ने बताया कि जब वह रोजाना की तरह सुबह आरती के लिए पहुंचे तो भगवान की मूर्ति के ऊपर लगा चांदी का करीब चार सौ ग्राम वजनी छत्र गायब मिला। रामगंज थाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुजारी के अनुसार एक चोर मंदिर में दाखिल हुआ और भगवान की मूर्ति के ऊपर से चांदी का छत्र चुरा ले गया। मंदिर के बाहर एक और संदिग्ध व्यक्ति रैकी करता नजर आया। घटना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में वारदात कैद हो गई है, जिसमें एक चोर मंदिर के भीतर घुसकर छत्र चोरी करता नजर आ रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर चोर की शिनाख्त और तलाश शुरू कर दी है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

■ परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम होगा

**बीकानेर, (निसं)।** गंगाशहर थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद उसका शव पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया है। रेलवे लाइन के आसपास सुसाइड के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

जानकारी के अनुसार गंगाशहर पुलिस थाना क्षेत्र के घड़सीसर गांव के पास पुलिया के निकट से गुजर रही रेलवे लाइन पर युवक का शव मिला है। माना जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। हादसा शुक्रवार सुबह का है। मौत कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गंगाशहर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को रेल पटरी से हटाकर किनारे रखवाया गया। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने मौके पर पहुंचकर खून से लथपथ शव को पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी तक पहुंचाया। शव आशीष नगर निवासी माणक चंद का है, जिसकी उम्र करीब पचास साल है। उसके परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्टमॉर्टम होगा। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर गंगाशहर पुलिस जांच करेगी। शव को पीबीएम पहुंचाने में खादिमतगार खादिम सोसाइटी और असहाय सेवा संस्थान के सेवादार हाजी जाकिर, हाजी नसीम, सोयब, असहाय सेवा संस्थान के राजकुमार खडगावत, ताहिर हुसैन, मो जुनैद, अब्दुल सतार ने शव को मॉर्च्युरी में रखवाया।

# दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अनूपगढ़, (निसं)।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने पीड़िता को सकुशल दस्तयाब कर लिया है।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि पीड़िता के पिता ने अनूपगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि विक्रम (26) उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया, जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर नाबालिग लड़की को दस्तयाब करने के लिए टीम का गठन किया। उन्होंने बताया कि नाबालिग लड़की को दस्तयाब लिया गया है और नाबालिग लड़की को श्रीगंगानगर में बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। नाबालिग लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी विक्रम को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम के द्वारा इस मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।


राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर-302018, फोन - 0141-2552796

क्रमांक-प.14(131)RSSB/अर्थना/NHM/संविदा भर्ती/2024/

दिनांकः यथाहस्ताक्षर

**प्रेस विज्ञप्ति**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी के विभिन्न संवर्ग के संविदा पदों हेतु सीधी भर्ती परीक्षा-2025**

बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी के विभिन्न संवर्ग के लिये **राजस्थान कान्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022 यथा संशोधित** के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न संवर्ग के कुल 8256 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 7828 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 428) तथा राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी के विभिन्न संवर्ग के कुल 5142 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 4850 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 292) पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 01/2025 दिनांक 28.01.2025 तथा संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 17.02.2025, 18.02.2025 तथा 01.04.2025 को जारी की गई थी। उक्त संवर्ग की भर्ती परीक्षाएं दिनांक 02.06.2025 से 13.06.2025 तक आयोजित करवाई गई हैं। इस भर्ती में आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने ऑनलाईन आवेदन में **07.07.2025 से दिनांक 16.07.2025 तक को 23.59 बजे तक** संशोधन कर सकते है। अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में **श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, वैवाहिक स्थिति** इत्यादि में निर्धारित रू. 300/- का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। इनके अतिरिक्त शेष अन्य सूचनाओं को परिवर्तित नहीं कर पाऐंगे।

उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र संशोधन हेतु स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट https://rssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

DIPR/C/9141/2025 (डॉ. बी. सी. बधाल) सचिव



Government Of Rajasthan

Water Resources Department

Office of the Executive Engineer Water Resources Division Dholpur

Tel & Fax No. 05642-220880 E-Mail - eewrddholpur1@gmail.com

**INVITATION OF E-NIT NO. 04 YEAR 2025-26**

No.- Date-

On behalf of governor of Rajasthan E-NIT No 04 Year 2025-26 is invited from eligible contractor for 04 Nos. works cost of works is Rs. 51.81 Lacs The detail of works is available on following websites.

UBN No. - (1) WRD 2526 WSO B00533, (2) INRD 2526 WSO B00534 (3) WRD 2526 WSO 1300535, (4) WRD 2526 WSO B00536

1. www.diprrajasthan.gov.in, 2. www.sppp.rajasthan.gov.in, 3. www.eproc.rajasthan.gov.in

Executive Engineer
Water Resources Division Dholpur

DIPR/C/8867/2025



Office Of Superintending Engineer PHED Circle Jhalawar (Rajasthan)

**NOTICE INVITING Bid No. 13/2025-26 Item No. 1-A to 1-C**

Bids for Annual Rate contract for Construction & commissioning of 200 mm dia tube wells with submersible pump sets etc. complete work in all types of strata & laying, jointing, testing, commissioning of HDPE pipe line including defect liability period of PANCHAYAT SAMITI AKLERA, MANOHARTHANA, JHALARAPATAN, KHANPUR, BAKANI, BHAWANI MANDI, DAG & PIRAEA of PHED Division Jhalawar/ Bhawani Mandi, District Jhalawar (With Material Complete) are invited from interested bidders upto 10.07.2025 at 18.00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the www.dipr.rajasthan.gov.in, http://rajwater.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.In. Departmental websites.

NIB No. PHE2526A2023

UBN No. PHE2526WSOB04142, PHE2526WSOB04144, PHE2526WSOB04145

Superintending Engineer
PHED Circle Jhalawar

DIPR/C/9070/2025



कार्यालय सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, बीकानेर

क्रमांकः- एनएचएम/बिड/लेखा/2025/780-782 दिनांक :- 26/6/25

**खुली / ई-निविदा सूचना संख्या DHS/BKN 03/2025-26**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बीकानेर में आवास भोजन एवं जलपान व्यवस्था, औषधियों की व्यवस्था करने हेतु एक वर्ष के लिए दर संविदा हेतु ई-निविदा प्रक्रिया से दिनांक 07.07.2025 समय सांय 4.00 बजे तक प्रदायकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण राजकीय वेबसाईट http:sppp.raj.nic.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. Essential Drugs E Tender | NIB NO:-MHS2526 | UBN No:-MHS 2546 GLRC02389 |
| 2. Food & Residential arrangements E Tender | NIB No:- 41511 | UBN No:- Mlts 2526 SLAC02390 |

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं
सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, बीकानेर

DIPR/C/9044/2025



राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

राजकीय जनाना चिकित्सालय परिरार, गोरी चार बाग भरतपुर 321 001 (राज0)

eemhbharatpur@gmail.com, ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

क्रमांक-M&H/2025-26/711 दिनांकः 24.06.2025

**निविदा सूचना संख्याः 13/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य भरतपुर संभाग में रू. 270.00 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| S.NO. | Name of work | Amount | UBIN No |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of New PHC Building at Tuhiya Distt. Bharatpur | 135.00 | MHS2526WSOB02306 |
| 2 | Construction of New PHC Building at Gudla Distt. Karauli | 135.00 | MHS2526WSOB02307 |

(एल.के. अग्रवाल)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

DIPR/C/8984/2025


# आठ फीट लंबे जख्मी ब्लैक कोबरा सांप की सफल सर्जरी

## पशु चिकित्सक टीम ने कोबरा के शरीर पर आई गंभीर चोटों और कटे हुए अंगों को जोड़ने के लिए जटिल सर्जरी की

■ डॉक्टरों की टीम ने कोबरा के जख्मी हिस्से को साफ किया, फिर लगभग 20 टांके लगाए



चिकित्सकों टीम ने जख्मी सांप का उपचार किया।

**अजमेर, (कासं)।** माखुपुरा गांव में मानवता और जीव संरक्षण की अनूठी मिसाल सामने आई है, जहां आठ फीट लंबे जख्मी ब्लैक कोबरा को स्नेक कैचर द्वारा रेस्क्यू कर शास्त्री नगर स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचे, जहां डॉक्टर डॉ. मयंक और उनकी टीम ने कोबरा सांप की सफल सर्जरी कर उसकी जान बचाई। आमतौर पर जहरीले सांपों से दूरी बनाकर रखते हैं, स्नेक केचर और चिकित्सकों की इस मानवता की मिसाल की सब तारीफ कर रहे हैं।

स्नेक कैचर ने जख्मी सांप रेस्क्यू कर पहुंचाया अस्पताल :-जानकारी के अनुसार आदर्श नगर थाना क्षेत्र के माखुपुरा गांव में घायल काले कोबरा को स्नेक कैचर नरेश कुमार ने देखकर रेस्क्यू किया और तत्काल शास्त्री नगर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जख्मी सांप को शास्त्री नगर स्थित पशु चिकित्सालय लाया गया, जहां पशु चिकित्सक डॉ. मयंक और उनकी टीम ने कोबरा के शरीर पर आई गंभीर चोटों और कटे हुए अंगों को जोड़ने के लिए जटिल सर्जरी की। डॉक्टरों ने कोबरा के जख्मी हिस्से को पहले साफ किया, फिर लगभग 20 टांके लगाए। डॉक्टरों की टीम ने सफलता पूर्वक सर्जरी को अंजाम दिया। डॉ. मयंक ने बताया कि घायल कोबरा को उचित इलाज देने के बाद पूरी तरह स्वस्थ होने पर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।

स्नेक केचर नरेश कुमार ने बताया कि मानसून के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के अक्सर जहरीले सांप रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं, ऐसे में वे लोगों को जागरूक कर सांपों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल या नाग पहाड़ियों में छोड़ते हैं।


राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201

ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाइट-riico.rajasthan.gov.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाऐं एवं राशि रू. 2.00 लाख से अधिक की निविदाऐं ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं:-

इकाई का नाम, UBN एवं कार्य की राशि (लाख रू. में):. भिवाड़ी(प्रथम)-औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में जोन 4 और 5 में आर.सी.सी. नालियों के निर्माण, सी.डी. तथा अप्रोच कल्वर्ट का कार्य। **RDC2526WLOB00511(1754.57),** RDC2526WSOB00514(7.68), RDC2526WSOB00515(51.86), RDC2526WSOB00516(4.74), RDC2526WSOB00517(4.27), RDC2526WSOB00518(10.46), जयपुर(उत्तर)-औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में थिन व्हाईट टोपिंग द्वारा सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण एवं विभिन्न स्थानों पर नालियों का उन्नयन का कार्य। **RDC2526WLOB00482(769.74),** औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा-विस्तार, जयपुर में थिन व्हाईट टोपिंग द्वारा सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण एवं आरसीसी बॉक्स टाईप नाली द्वारा नालियों का उन्नयन का कार्य। **RDC2526WLOB00483(701.46),** RDC2526WSOB00485(52.49), RDC2526WSOB00486(10.09), RDC2526WSOB00487(16.32), RDC2526WSOB00488(1.95), ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर-**RDC2526WSOB00492(271.45),** RDC2526WSOB00491(134.39), RDC2526WSOB00493(1.84), RDC2526WSOB00494(1.76), किशनगढ़-**RDC2526WSOB00501(392.46),** RDC2526WSOB00504(8.49), सवाईमाधोपुर-RDC2526WSOB00505(199.84), अजमेर-RDC2526WSOB00458(19.81), कोटा-RDC2526WSRC00459(37.92), RDC2526WSRC00460(28.85), उदयपुर-RDC2526WSOB00461(7.50), RDC2526WSOB00462(8.38), RDC2526WSOB00463(2.65), RDC2526WSOB00464(20.23), RDC2526WSOB00481(95.34), चूरू-RDC2526WSOB00465(3.25), नागौर-RDC2526WSOB00466(75.48), RDC2526WSOB00467(17.62), RDC2526WSOB00512(4.08), RDC2526WSOB00513(21.27), अलवर-RDC2526WSOB00468(14.53), RDC2526WSOB00469(14.26), RDC2526WSOB00470(18.73), RDC2526WSOB00471(28.06), RDC2526WSOB00472(69.61), सीकर-RDC2526WSOB00473(1.85), RDC2526WSOB00474(1.91), RDC2526WSOB00475(1.85), RDC2526WSOB00476(1.91), RDC2526WSOB00477(2.49), RDC2526WSOB00478(9.30), RDC2526WSOB00479(10.55), RDC2526WSOB00480(10.02), पाली-RDC2526WSOB00484(5.11), नीमराना-RDC2526WSOB00489(33.72), RDC2526WSOB00490(11.31), झुंझुनु-RDC2526WSOB00499(65.05), RDC2526WSOB00502(4.64), जयपुर(दक्षिण)-RDC2526WSOB00495(78.81), RDC2526WSOB00496(8.32), RDC2526WSOB00497(2.49), RDC2526WSRC00498(1.08), RDC2526WSOB00500(1.46), मण्डोर-RDC2526WSOB00506(3.76), श्रीगंगानगर-RDC2526WSOB00507(8.25), RDC2526WSOB00508(12.45), धीलोठ-RDC2526WSOB00509(7.92), RDC2526WSOB00510(12.23), आबूरोड-RDC2526WSOB00519(1.90), RDC2526WSOB00524(19.12), RDC2526WSOB00520(12.05), जयपुर(ग्रामीण)-RDC2526WSOB00521(5.47), RDC2526WSOB00522(6.96), RDC2526WSOB00525(5.16), RDC2526WSOB00526(4.56), RDC2526WSOB00527(6.38), RDC2526WSOB00528(3.81), RDC2526WSOB00531(68.86), भिवाड़ी(द्वितीय)-RDC2526WSOB00523(17.41), RDC2526WSOB00529(11.20), RDC2526WSOB00530(73.80), RDC2526WSOB00532(84.58)

कुल कार्यों की संख्या-74

निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट riico.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in/ www.sppp.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: महाप्रबंधक (सिविल), फोन- 0141-4593243

Raj.Samwad/C/25/5585


# चाकू की नोक पर विवाहिता से दुष्कर्म

■ पीड़िता ने पति के दोस्त पर दुष्कर्म व 10 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता के साथ चाकू की नोक पर दुष्कर्म और 10 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति के दोस्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता के पति की 2024 में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद पति का दोस्त लगातार मदद करने के बहाने घर आता-जाता रहा। आरोपित ने व्यवसाय में निवेश करवाने और बच्चों के भविष्य का भरोसा देकर मार्च 2024 से 2025 के बीच पीड़िता से करीब 10 लाख रुपये भी ले लिए।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने नशे की हालत में कई बार घर में अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि एक दिन जब पीड़िता घर में अकेली थी तब आरोपी ने चाकू दिखाकर उसके साथ जबरन दुराचार किया और पैसे लौटाने से भी इनकार कर दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपी द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना और डराया धमकाया जा रहा था। घटना की शिकायत मिलते ही क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक :-एफ(5)( )विकास/2025-26/3755 दिनांक :- 03.07.2025

**ई-निविदा संख्या 07/2025-26**

(NIB Code- DLB2526A3188)

कुल राशि - 159.42 लाख

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत (लाखो में) | 15942000/- |
| कुल धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रूपये में) | 318840/- |
| कुल धरोहर राशि 1/2 प्रतिशत (रूपये में) | 79710/- |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 07.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे से 18.07.2025 प्रातः 11.00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | 07.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे से 18.07.2025 प्रातः 11.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 18.07.2025 दोपहर 2.00 बजे |

निविदा सूचना इंटरनेट साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद झुन्झुनू

राज.संवाद/सी/25/5571



राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजसमन्द

(जिला स्वास्थ्य समिति, राजसमंद)

निविदा कमांक मु.चि.अ()/डीएचएस/लेखा/2025/2777 दिनांक-20/06/2025

**आयुष्मान आरोग्य मंन्दिर में मानव संसाधन हेतु निविदा**

**ई-निविदा सूचना : 02/2025-26**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजसमन्द में आयुष्मान आरोग्य मंन्दिर हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 तक एव राज0 लोक उपापन परदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राज0 उपापन नियम 2013 के नियमानुसार जॉब बेसिस पर मानव संसाधन उपलब्ध कराये जाने हेतु इच्छुक श्रम आपूर्तिकर्ताओं / स्वयं सहायता समूहों / संवेदक एजेंसी से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | नाम कार्य | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | Sppp/Eproc पोर्टल एवं कार्यालय से निविदा प्रपत्र बिड इत्यादि प्राप्त करने की तिथि | RISL शुल्क | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | कार्यकारी एजेंसी | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष्मान आरोग्य मंन्दिर में मानव संसाधन हेतु | 195 लाख | 1000/- | 20 जून 2025 | 2000/- | 14 जुलाई 2025 | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजसमन्द | MHS2526 SLOBO2136 |

1. निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते कार्यालय के नोटिस बोर्ड www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
राजसमन्द

DIPR/C/8703/2025